कांच के मछलीघर (एक्वेरियम) के रखरखाव हेतु जरुरी सलाह

रखें खुद का ध्यान

- मछली घर के रख रखाव से पहले व बाद में साबुन से कम से कम 20 सेकण्ड तक हाथ धोएं।

- मछली घर सफाई करते समय दस्ताने पहनें ।

- बेहतर होगा कि अपने चेहरे को दुप्पटे/रुमाल/गमछे से ढकें।

स्वयं साफ कर सकते हैं अपना मछलीघर। विश्वाश कीजिये ये बहुत ही आसान है।

महीने में एक या दो बार मछलीघर साफ करना चाहिए।

मछली घर से पानी निकालने का आसान तरीका।

1. कोई भी पाइप का टुकड़ा लें।
2. इसे पूरी तरह से पानी से भर लें।
3. अब दोनों छोरों को हाथों से बंद करके एक छोर मछलीघर में डुबा दें व अब दूसरा छोर नाली में छोड दें।
4. पानी बाहर निकालना शुरू हो जायेगा व केवल 60-70% पानी ही निकालें।

मछलियों को बाहर निकालने की कोई जरुरत नहीं है।



मछलीघर (टैंक) में नया पानी भरना।

5. चूँकि घरों में आने वाले नगर पालिका के पानी में क्लोरीन होता है जोकि मछलियों के लिए घातक हो सकता है, अतः ये पानी सीधे टैंक में कभी भी नहीं डालना चाहिए।



6. जब भी मछलीघर की सफाई करनी हो तो उससे 50-60 घंटे पूर्व एक या दो बाल्टी पानी (मछलीघर के आकार के अनुसार) भर लें व उन्हें बिना ढके छोड़ दें जिससे कि क्लोरीन निकल जाएगी।



इस पानी को 50-60 घंटे खुला छोड़िये।

7. अब इसी रखे हुए पानी को सफाई के समय मछलीघर में भरना चाहिए।



8. सफाई व पानी के बदलाव का कार्य अब पूरा हो चुका है व आपका मछलीघर आपके घर की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार है।

आपके तैरते नगीनों का भोजन व रख रखाव।

- इस लॉकडाउन के समय मछलियों को केवल एक बार ही भोजन दें व कम ही दाना डालें।
- यदि मछली का भोजन (दाना) घर में नहीं बचा है तो भी बिल्कुल परेशान ना हों।
- ऐसे में गेहू का दलिया कुछ घंटे पानी में भिगोने के बाद मछलियों को दे सकते हैं। (4 -5 मछलियों के लिए छोटी आधी चम्मच दलिया काफी है)
- मांसाहारी मछलियों को छोटा छोटा कटा हुआ बकरी का कलेजा भी दिया जा सकता है।
- गंदे फ़िल्टर को समय समय पर खोल कर साफ करें।
- एयर पंप को भी 24 घंटे में 2 से 3 बार 25 -30 मिनटों के लिए बंद करें व ठंडा होने दें। विशेष रूप से दाना डालते समय पंप बंद ही रखना चाहिए।

इन बातों को बिलकुल न भूलें।

- ✓ मछली घर के रख रखाव, पानी के बदलने व मछली का दाना देने से पहले व बाद में साबुन से कम से कम 20 सेकण्ड तक हाथ ज़रूर धोएं।
- ✓ मछलीघर की सफाई में प्रयोग हुए पाइप, मग व जाल आदि को हर बार प्रयोग के बाद धूप में अच्छी तरह सुखाएं।

- ✓ ICAR-DCFR से ऑनलाइन सहायता प्राप्त करें।
- ✓ लॉक डाउन का पालन करें, सुरक्षित रहें।

भा. कृ. अनु. परि.- शीतजल मात्स्यिकी अनुसन्धान निदेशालय, भीमताल 263136

संपर्क करें- +91-5942-247280, 247279 ई मेल : dcfrin@gmail.com